*सेक्टर 04 में मिला डेंगू का लार्वा, निगम की टीम किया नष्टीकरण की कार्यवाही, अर्थदण्ड भी वसूले

भिलाईनगर/ बीएसपी क्षेत्र के सेक्टर 04 में कई घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया है। डेंगू के रोकथाम के कार्य में कई स्थानों से शिकायत मिलने के बाद आज भिलाई निगम के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के साथ निगम का स्वास्थ्य अमला मौके पर पहूंचकर विभिन्न घरों का सघन निरीक्षण किया गया जहां पात्रों में रखे हुए पानी की जांच कराए जिसमें लार्वा पाया गया जिसे तत्काल टेमीफाॅस का छिड़काव कर नष्ट किया गया। निरीक्षण के दौरान लार्वा पाए जाने वाले 10 से अधिक घरों में अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की गई। आयुक्त महोदय ने निगम द्वारा विशेष टीम बनाकर सेक्टर 04 के प्रत्येक घरों में सघन स्तर जांच एवं टेमीफाॅस का छिड़काव तथा जलजमाव वाले स्थानों पर जला आयल व मलेरिया आॅयल छिड़काव करने के निर्देश दिए ताकि डेंगू के प्रभाव को प्राथमिक स्तर पर ही समाप्त किया जा सके। निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि घरों के निरीक्षण के दौरान कूलरों से पुराना पानी खाली कराने , पुराने पात्रों तथा पानी टंकियों की सफाई कार्य में लापरवाही की गई जिससे डेंगू लार्वा का पैर पसारने का अवसर मिला है। शिकायत मिलने के बाद भिलाई निगम के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी सेक्टर 04 के विभिन्न घरों का निरीक्षण किए इस दौरान कई घरों सीमेंट की टंकी व अन्य पात्रों में लार्वा पाया गया जिसे नष्ट करने तत्काल टेमिफाॅस का छिड़काव कराया गया। क्षेत्र में सफाई व जलजमाव वाले स्थान तथा लार्वा के स्रोत वाले स्थानों की सतत् निगरानी भिलाई निगम के स्वास्थ्य अमले के द्वारा मैदान में उतरकर सघन स्तर पर कार्य करने के लिए जुट गया है। लार्वा पाए जाने वाले 10 से अधिक घर वालों से 500 - 1000 रूपए का अर्थदण्ड भी वसूला गया , दोबारा जांच में लापरवाही पाए जाने पर दोगुना दण्ड लिया जाएगा। निगम आयुक्त महोदय ने आम नागरिकों से अपील की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए ज्यादा समय तक पानी को ठहरने न दे और नियमित रूप से पानी टंकी और कूलर के पानी बदलते रहे। इसके पूर्व भी पिछले वर्ष विभिन्न स्थानों पर सेक्टर 04 में ही बहुत से घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया था। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने आज सभी जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर व फील्ड वर्करों के साथ बैठक लेकर डेंगू नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यो की फीडबैक लेकर लार्वा के हर स्रोत की जांच कर लार्वा को नष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में कर्मचारियों ने कुछ उपकरण व तकनीकी समस्याओं से आयुक्त महोदय को जानकारी दिए जिसे उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को शीघ्र ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने कहा गया। रूक रूक कर हो रही बारिश के दौरान लार्वा पनपने की संभावना बढ़ जाती है , घरों की छत, गमले, पानी टंकी, टायर व रखे हुए अन्य अनुपयोगी पात्र जिसमें बारिश का पानी भरा हो सघन स्तर पर लार्वा बनने के सभी

स्रोतो की जांच करने कहा गया जहां भी लार्वा मिले उनके घर पर अर्थदण्ड वसूलने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के अमले को अपने क्षेत्र में निरंतर निरीक्षण करते हुए जलजमाव वाले स्थानों पर मैलाथियान व मलेरिया आयल का छिड़काव का कार्य सतत रूप से जारी रखने कहा गया।